31/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार भारत में अमूल्य विरासत स्थलों को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने 'ज्ञान भारतम अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में हुई एक महत्वपूर्ण खोज के बारे में जानकारी दी। आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने बताया कि वहां 6वीं-7वीं शताब्दी के पांडुवंशीय शासक महर्षि बालार्जुन से संबंधित तीन दुर्लभ ताम्रपत्र मिले हैं। प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड की अपनी हालिया यात्रा का भी ज़िक्र किया, जहां एक विशेष समारोह में चोल काल के प्राचीन ताम्रपत्र भारत को लौटाए गए। श्री मोदी ने कहा कि लोग इस पर खुशी और गर्व व्यक्त कर रहे हैं, और दुनिया भर में रहने वाले तमिल समुदाय भी इसे लेकर विशेष रूप से उत्साहित है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे मौजूदा भीषण गर्मी के दौरान अपना विशेष ध्यान रखें और इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन करें।

0000000000000000000000

आज हरियाणा के पंचकूला ज़िले के रामगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (TBRL) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) की एक इकाई ने उच्च क्षमता वाले बम का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, यह परीक्षण सफल रहा और इसे निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए पूरा किया गया।

0000000000000000000

वर्ल्ड टोबेक्को डे के अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज गजराज कोर्प्स के तहत भारतीय सेना के 'सेला वॉरियर्स' की सराहना की। उन्होंने थिंगबू के नागरिक प्रशासन के सहयोग से एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के लिए उनकी प्रशंसा की, जिससे 200 से अधिक ग्रामीणों को लाभ पहुँचा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री खांडू ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने के अलावा, भारतीय सेना इस तरह की पहलों के माध्यम से हमारे सीमावर्ती समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण में सार्थक योगदान देना जारी रखे हुए है। मुख्यमंत्री ने आगे उन सभी लोगों के प्रति भी अपनी सराहना व्यक्त की, जिन्होंने अपनी समर्पित सेवा और जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से इसमें योगदान दिया।

0000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल रोइंग में सियांग ज़ोन II के लिए 'दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026' के समापन समारोह में हिस्सा लिया। उपमुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समर्पित कार्यकर्ताओं के बीच वैचारिक स्पष्टता, सांगठनिक अनुशासन और सेवा भावना को मज़बूत करने के लिए एक अहम मंच साबित हुआ।

श्री मेन ने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों - 'इंटीग्रेल हियुमेनिज्म' और 'अंत्योदय' - पर आधारित यह अभियान राष्ट्र निर्माण, सुशासन और समावेशी विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करता है। श्री मैन ने दिबांग वैली और लोअर दिबांग वैली ज़िलों के जाने-माने समाजसेवियों को सम्मानित भी किया।

0000000000000000000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय ताम्ता ने परिवहन मंत्री ओजिंग तासिंग के साथ मिलकर खोंसा में अरुणाचल प्रदेश राज्य परिवहन सेवा के तहत नई लग्ज़री बसों को हरी झंडी दिखाई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री ओजिंग ने इस अवसर के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह APSTS के पूर्ण स्वामित्व वाली पहली लग्ज़री बस है, और इसके साथ ही इसके इतिहास में पहली बार स्लीपर बस सेवाओं की भी शुरुआत की गई है। श्री ओजिंग ने आगे कहा कि जैसे-जैसे APSTS अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है, ये उपलब्धियाँ सार्वजनिक परिवहन के आधुनिकी करण और हमारे लोगों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

0000000000000000000

सांसद-लोकसभा, वेस्ट त्रिपुरा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब आज तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर तवांग पहुँचे। इस दौरे पर तवांग के अतिरिक्त उपायुक्त रिनचिन लेता, पुलिस अधीक्षक तासी दारांग, एसपी तासो कातो और उप पुलिस अधीक्षक ने तवांग के विवांता में गार्ड ऑफ ओनर के साथ उनका स्वागत किया।

0000000000000000000000

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) ने कहा है कि वह अपने सर्विस प्रोवाइडर के OnMark पोर्टल में मौजूद उन कमज़ोरियों पर बारीकी से नज़र रख रहा है, जिनके बारे में हाल ही में सार्वजनिक तौर पर बताया गया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, CBSE ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से, अलग-अलग सरकारी एजेंसियों और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (IIT) के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम को इन सिस्टम को मज़बूत बनाने और पोर्टल को ज़्यादा सुरक्षित सेटअप में ले जाने के लिए तैनात किया गया है। CBSE ने बताया कि जिन कमज़ोरियों की पहचान की गई थी, उन्हें ठीक कर लिया गया है, और किसी भी दूसरी ऐसी कमज़ोरी की संभावना को खत्म करने के लिए एक पूरी समीक्षा की जा रही है, जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता हो।

0000000000000000000000

बैडमिंटन में, भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आज सिंगापुर ओपन टूर्नामेंट का फाइनल जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिक्री और फजर अल्फियान को अट्ठारह-इक्कीस, इक्कीस - सत्रह, इक्कीस - सोलह से हराया। इस खिताब के साथ ही उनका लंबा इंतज़ार आखिरकार खत्म हो गया है। यह भारतीय जोड़ी के लिए दो साल में पहला और कुल मिलाकर नौवां वर्ल्ड टूर खिताब है।

0000000000000000000000